अरुण हालदार ने जनता को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की बात कही

■ राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरुण हालदार का भीलवाड़ा दौरा

भीलवाडा, (निसं)। उपाध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली अरूण हालदार शनिवार को भीलवाडा दौरे पर रहे। इस दौरान कार्यक्रम में कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी नहीं होने पर उन्होंने मंच से नाराजगी जाहिर करते हुए मामले में संज्ञान लेने की बात कही।

हालदार ने माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत नगर विकास न्यास द्वारा चन्द्रशेखर आजाद छात्रावास में स्वच्छता के लिए 20 लाख के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के दौरान आमजन और छात्रों को संबोधित करते हुए आयोग के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रावास में विद्यार्थियों, आमजन को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की बात कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण हालदार ने अनुसूचित जाति के शैक्षिक विकास और सामाजिक उत्थान के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास करने और अधिक से अधिक पात्र तथा जरूरतमंदों को लाभान्वित करने की बात कही। हालदार ने कहा कि अनुसूचित जाति से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता से लेने और पीडितों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध करा राहत देने और पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष अरूण हालदार ने चन्द्रशेखर आजाद छात्रावास में स्वच्छता के लिए 20 लाख के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में भीलवाडा कलेक्टर आशीष मोदी और एसपी आदर्श सिद्धू के शामिल होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। कार्यक्रम संयोजक सीताराम खटीक ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक अर्जुन लाल जीनगर, पूर्व यूआईटी चेयरमैन लक्ष्मी नारायण डाड, सहित कॉलेज स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित भी किया।

यूजर चार्ज वसूली पर राज्य सरकार की हरी झंडी

■ सरकार ने निगम की साधारण सभा के प्रस्ताव को किया रद्द

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम की साधारण सभा के प्रस्ताव को रद्द करते हुए राज्य सरकार ने आयुक्त के नोट ऑफ डिसेंट पर मुहर लगा यूजर चार्ज वसूली को हरी झंडी दे दी है। नगर निगम की 12 जनवरी को हुई साधारण सभा में भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों ने एक स्वर में यूजर चार्ज वसूली का विरोध करते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर महापौर ब्रजलता हाड़ा ने भी इस प्रस्ताव पर पार्षदों व स्थानीय विधायक वासुदेव देवनानी, अनिता भदेल के विरोध को समर्थन देते हुए यूजर चार्ज वसूली पर रोक लगाने की अनुशंसा की थी। निगम आयुक्त सुशील कुमार ने प्रस्ताव के विपरीत जाकर उस पर नोट ऑफ डिसेंट लगा दिया था।

राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट सचिव हृदेश कुमार शर्मा ने आयुक्त सुशील कुमार की भेजी गई असहमति की टिप्पणी नोट ऑफ डिसेंट पर विचार विमर्श व परीक्षण करते हुए बोर्ड बैठक में पारित प्रस्ताव यूजर चार्ज वसूली पर रोक संबंधी प्रस्ताव को नियम विरुद्ध पाया है। राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 49(4) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रस्ताव को राज्य सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। स्वायत्त शासन विभाग के जारी आदेश पत्र के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि नगर निगम द्वारा वसूली जा रही यूजर चार्ज राशि नियम अनुसार थी और भविष्य में भी शहरवासियों को अदा करनी होगी।

उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा वसूले जा रहे यूजर चार्ज को लेकर शहर के व्यापारियों ने आंदोलन चलाया और अजमेर बंद भी रखा था। साधारण सभा में आयुक्त सुशील कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि यूजर चार्ज वसूली केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा वसूली जा रही थी, जिसे पूरे प्रदेश में प्रसारित किया गया था। उसके तहत अजमेर निगम को भी इस पर अमल करना था, नगर निगम की वर्ष 2022 में हुई साधारण सभा में इसे पारित कर दिया गया था, इसलिए इसकी वसूली अनिवार्य हो गई थी। इसके तहत यूजर चार्ज वसूजा जा रहा था, लेकिन विधायक अनिता भदेल, वासुदेव देवनानी व महापौर सहित कांठोस व भाजपा के पार्षदों द्वारा वसूली को नियम विरुद्ध बताते हुए अजमेर की जनता के हितों पर कुठाराघात बताया था। मालूम हो कि विगत दिनों विधानसभा में भी देवनानी व भदेल ने यूजर चार्ज वसूली का मुद्दा उठाया।

शहर जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि अजमेर नगर निगम में भाजपा का बोर्ड है और अजमेर के दोनों विधायक भी भाजपा के ही हैं। यूजर चार्ज नेशलन ग्रीन ट्रिव्यूनलर (एनजीटी) ने वर्ष 2018 में घर घर कचरा संग्रहण करने के आदेश राज्य सरकारों को दिए थे। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की अनुपालना में सभी निकायों को जारी किया और भाजपा बोर्ड ने भी इसे पारित किया। अब राज्य सरकार के पाले में नोट ऑफ डिसेंट की गेंद डाल कर सरकार को बदनाम करना चाहते है, जबकि जबकि अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी व दक्षिण की विधायक अनीता भदेल ने विधानसभा में यूजर चार्जेस मुद्दा उठाकर अजमेर की जनता को मात्र गुमराह किया गया जबकि केंद्र में भाजपा शासित सरकार द्वारा अजमेर की जनता पर थोपे गए यूजर चार्ज को हटाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजना चाहिए।

संक्षिप्त

आकर्षण का केन्द्र बनी कृतियां

भीलवाडा, (निसं)। आकृति कला संस्थान भीलवाडा के कलाकारों की कलाकृतियां राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 23वें राज्य स्तरीय कला मेले में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। जानकारी देते हुये कार्यक्रम संयोजक कैलाश पालिया ने बताया कि कला मेले का उद्घाटन संस्कृति मंत्री बी.डी. कल्ला एवं लघु उद्योग निगम के चैयरमेन राजीव अरोडा ने 3 फरवरी को सांय 4 बजे किया। इस कला मेले में भीलवाडा की वरिष्ठ कलाकार मंजू मिश्रा के रेखाचित्र, इकबाल हुसैन की जलरंग, गोपाल दास वैष्णव की एक्रेलिग रंग में निर्मित एवं कैलाश पालिया की अमूर्त शैली और दीपिका पाराशर की ठाफिक्स (प्रिन्ट मेकिंग) की एकल चित्र प्रदर्शनी के साथ-साथ आकृति कला संस्थान की समूह चित्र प्रदर्शनी में डी.बी. मूले, नेहा पूर्बिया, अनुश्रुति जैन, कोमल आचार्य, हर्षित वैष्णव, ज्योति पारीक, गोवर्धन सिंह पंवार, कपिल रवन्ना, इकबाल हुसैन, दिव्या मूले, रोहन मूले, सत्यनारायण सोनी की कलाकृतियों को कलाप्रेमी काफी पसन्द कर रहे है। यहां कला मेले 3 से 8 फरवरी तक जयपुर स्थित जवाहर कला केन्द्र के शिल्प ग्राम में आयोजित किया जा रहा है।

विवाह सम्मेलन के लिए बैठक आज

अजमेर, (कासं)। निर्धन परिवारों के बच्चों की सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादियां करवाने के लिए लक्ष्य मानव सेवा संस्थान एवं हिंद सेवा दल के सानिध्य में बैठक का आयोजन दल के अध्यक्ष आर के महावर की अध्यक्षता में गांधी भवन परिसर में रविवार को मध्याह्न 2.15 बजे आयोजित की जाएगी। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि 19 मार्च को होने वाले विवाह के संबंध में सभी तैयारियों पर चर्चा करने तथा आमंत्रित सदस्यों से विचार-विमर्श कर व्यवस्था एवं तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। वही जिम्मेदारियों को समिति के सदस्यों से चर्चा कर उन्हें कार्य क्षेत्र से अवगत कराया जाएगा। समस्त सदस्य गणों को फार्म उपलब्ध कराए गए ताकि विभिन्न क्षेत्रों मे अपने सम्पर्क व माध्यम से आवश्यकता वाले परिजनों को फार्म उपलब्ध कराएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा जोड़े बन सके। सभी सदस्यों को बैठक में समय पर आने का आव्हान किया हैं।

सूअर के हमले से बच्ची घायल

बिजयनगर, (निसं)। चंदा कॉलोनी में खेल रही बालिका को चंदा कॉलोनी में आवारा घूम रहे सूअर के काटने से बालिका घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदा कॉलोनी निवासी सलीम की करीब 3 साल की बालिका साइना को चंदा कॉलोनी में आवारा घूम रहे सूअर घसीट कर ले गया। चंदा कॉलोनी के वासियों ने मशक्कत करते हुए बालिका को सूअर के चंगुल से छुड़ाया। बालिका के कान एवं गाल पर सूअर के काटे जाने से खून बहने लगा। जिसे चिकित्सालय ले जाकर उपचार करवाया गया। वार्ड पार्षद नौशाद मोहम्मद ने बताया कि चंदा कॉलोनी में आवारा घूम रहे सूअरों के खिलाफ पालिका प्रशासन द्वारा कार्रवाई किये जाने की मांग की। जिस पर मौके पर पहुंचे जमादार ने जनता कॉलोनी में घूम रहे आवारा सुअरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सिटी लीडर्स टीम ने नागपहाड़ पर की ट्रैकिंग

अजमेर, (कासं)। भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के तत्वावधान में देश भर की सभी 100 स्मार्ट सिटीज में फ्रीडम 2 वॉक, साइकिल एवं रन का आयोजन किया जा रहा है। एक फरवरी से 17 मार्च तक अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में शनिवार को कलेक्टर व स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंश दीप, नगरनिगम आयुक्त व स्मार्ट सिटी के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने नागपहाड़ पर ट्रेकिंग की। ट्रेकिंग के दौरान सिटी लीडर्स टीम के अन्य सदस्य अजमेर स्मार्ट सिटी एफए पद्मनी सिंह, सिद्ध भटनागर, राजीव कजोट एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

फ्रीडम 2 वॉक, साइकिल एवं रन अभियान के तहत शहरवासियों को जागरूक करना है। जिससे अपनी दिनचर्या ज्यादा से ज्यादा पैदल चलना और साइकिल का अधिक से अधिक उपयोग करना है। ताकि वे स्वयं तो स्वस्थ्य रहे और अपने परिवार एवं अन्य सदस्यों को भी इस अभियान से जोड़ें। इससे वाहनों का उपयोग कम होगा और इनसे फैलने वाले प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है। इस अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलक्टर एवं नगर निगम आयुक्त ने अन्य सिटी लीडर्स के साथ शनिवार को फॉयसागर से ट्रेकिंग की शुरूआत करते हुए नागपहाड़ पर ट्रेकिंग करते हुए पुष्कर में अगस्त मुनि की गुफा के निकट उतरे। ट्रेकिंग के दौरान सभी सिटी लीडर्स का रोमांच देखते ही बन रहा था। सभी सिटी लीडर्स ने 11 किमी ट्रेकिंग करते हुए प्रकृति को करीब से निहारा।

ट्रेकिंग के दौरान उतरते समय भर्तृहरि की गुफा के निकट फैले प्लास्टिक के कचरे को एकत्रित किया गया। ट्रेकिंग मार्ग में जहां सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अन्य कचरा फैला हुआ था उसे एकत्र कर किया गया। सिटी लीडर्स ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ट्रेकिंगए पिकनिक अथवा अन्य समारोह के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। यदि उपयोग किया गया है तो उसे कचरे की तरह फैंक कर नहीं आए और अपने साथ एकत्र कर लेकर आए। ताकि प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचे।

पुष्कर में सफाई अभियान का आगाज

पुष्कर, (निसं)। सफाई के लिए अपनी पहचान बना चुकी डेरा सच्चा सौदा टीम शनिवार को पुष्कर पहुंचे और पुष्कर पहुंचकर सफाई अभियान शुरू कर दिया। सफाई अभियान की शुरुआत पुष्कर नगर पालिका के अध्यक्ष कमल पाठक के उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि ने झाड़ू लगाकर किया।

डेरा सच्चा सौदा से जुड़े अनुयायियों ने पुष्कर में स्वच्छता अभियान का किया आगाज। पुष्कर नगरपालिका चेयरमैन कमल पाठक, उपचेयरमैन शिवस्वरूप महर्षि पार्षद मुकेश कुमावत ने स्वच्छता अभियान को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। चेयरमैन कमल पाठक और मौजूद पार्षदों ने पुष्कर मेला मैदान पर स्वच्छता का संदेश देते हुए झाड़ू लगाई और स्वच्छता रखने का सभी को संदेश दिया। डेरा सच्चा सौदा के जुड़े लोगों ने पूर्व में भी पुष्कर में सफाई अभियान चलाया था जो कुछ ही घंटों में पुष्कर को स्वच्छ और साफ बना दिया जिसके चलते पुष्कर में डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों की काफी सराहना हुई थी। शनिवार से एक बार फिर डेरा सच्चा सौदा की अनुयायियों ने पुष्कर के मेला मैदान पर स्वच्छता अभियान का आगाज किया है और उनके द्वारा की गई साफ सफाई की यात्रियों ने स्थानीय लोगों को खूब सराहना की।

डेरा सच्चा सौदा टीम ने पुष्कर पहुंच सफाई अभियान शुरू किया।

एडीए की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

■ बैठक की अध्यक्षता एडीए आयुक्त अक्षय गौदारा ने की

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण की कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास के कई मुद्दों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता एडीए आयुक्त अक्षय गौदारा ने की।

एडीए आयुक्त ने बताया कि खान पुरा में बनने वाले 40 एमएलडी एसटीपी प्लांट तथा 40 एमएलडी नए व 20 एमएलडी पुराने एसटीपी से प्राप्त बायोगैस से पावर जनरेशन तथा दोनों कार्यो का अलग अलग आगामी 5 वर्ष तक रखरखाव शामिल था। जिसमें एकल निविदा एमटीएस/ एसआईईपीएल द्वारा प्राप्त हुई जिसकी कुल लागत 1936 लाख रूपए थी। अन्य कोई निविदा प्राप्त नही होने के कारण उक्त निविदा को निरस्त कर दिया गया। अक्षय गोदारा ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के टीबी विभाग में बनने वाले 100 जनरल बैड के लिए 750 लाख रूपए डिपोजिट स्वीकृति जारी की गई है। शीघ्र ही टीबी अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाए मिल सकेगी।

जनाना अस्पताल कैम्पस में गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण कार्य की निविदा दर स्वीकृत की गई है। पूर्व में कार्य की वित्तिय एव प्रशासनिक स्वीकृति चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 15 करोड की जारी की गई थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग एव एडीए के बीच एमओए हो चुका है। इस कार्य के लिए पांच फर्मो द्वारा निविदा में शामिल हुई तथा न्यूनतम दर ग्यारसी लाल मोहन लाल की होने के चलते स्वीकृति जारी कर दी गई। पंचशील स्थित सिटी स्कावयर मॉल के सामने स्थित सर्किल को तीन वर्ष के रख रखाव के लिए एमओयू किया गया। सर्किल के रख रखाव के लिए थारवानी एव गुरनानी द्वारा एडीए को पत्र दिया गया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि उक्त सर्किल का पूर्व में आर्शीयाना इफ्रा द्वारा रख रखाव किया गया था साथ ही सर्किल को गोद लेने के लिए फिर से पत्र मिला है। बैठक में आयुक्त को इस विषय पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है।

पुष्कर डाक बंगले के पास बनने पर पार्क के निर्माण व एप्रोच रोड के निर्माण के आ रही बाधाओं को दूर करने के कारण प्रोजेक्ट की लागत 50 प्रतिशत अधिक हो गई है जिसके लिए स्वीकृति जारी की गई। वही अजमेर में बने सेवन वर्डर के रख रखाव व देखरेख के लिए टिकट व्यवस्था शुरू की गई। इसके लिए 27 दिसम्बर को एडीए द्वारा निविदा जारी की गई जिसके तहत 29 बीडर्स ने भाग लिया। अधिकतम दर भाईजान कन्सट्रक्शन द्वारा दी गई जिसके नाम टेंडर जारी कर दिया गया। प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत अजमेर शहर में बसी हुई योजनाओं के सर्वे प्लान तैयार कर प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। गैर योजना क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए 5 करोड की पुननियोजन हेतु प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

45.87 लाख उपभोक्ताओं को विद्युत बिल में सब्सिडी का लाभ मिला

■ दिसम्बर व जनवरी माह में कुल 10.40 लाख उपभोक्ताओं के बिल शून्य

■ सब्सिडी से राज्य सरकार पर करीब 296.23 करोड़ रुपयों का भार

अजमेर, (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बिजली बिलों में छूट की एतिहासिक बजट घोषणा से दिसम्बर व जनवरी माह की बिलिंग के तहत अजमेर डिस्कॉम के करीब 45.87 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को फायदा मिला है। इस योजना के तहत दिसम्बर माह में 4.33 लाख तथा जनवरी माह में 6.06 लाख उपभोक्ताओं के बिजली बिल शून्य आए है। दिसम्बर व जनवरी माह में उपभोक्ताओं को मिली सब्सिडी से राज्य सरकार पर करीब 296.23 करोड़ रुपयों का भार आएगा।

अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा के तहत 50 यूनिट उपभोग वाले घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली के बिल पर पूर्ण सब्सिडी , 100 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 50 यूनिट तक बिजली निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इसके साथ-साथ समस्त घरेलू उपभोक्ताओं को 150 यूनिट तक 3 रुपए प्रति यूनिट का अनुदान एवं अगले 150 यूनिट तक के उपभोग पर राज्य सरकार की ओर से 2 रुपए प्रति यूनिट का अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जा रहा है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा से दिसम्बर व जनवरी माह की बिलिंग में अजमेर सिटी सर्किल के 1.92 लाख, अजमेर जिला सर्किल के 2.45 लाख, बांसवाड़ा सर्किल के 2.60 लाख, भीलवाड़ा सर्किल के 5.16 लाख, चित्तौड़गढ़ सर्किल के 2.70 लाख, डूंगरपुर सर्किल के 2.98 लाख, झुंझुनूं सर्किल के 4.38 लाख, नागौर सर्किल के 5.82 लाख, प्रतापगढ़ सर्किल के 1.49 लाख, राजसमंद सर्किल के 2.53 लाख, सीकर सर्किल के 5.43 लाख तथा उदयपुर सर्किल के 6.02 लाख उपभोक्ता राज्य सरकार की सब्सिडी से लाभान्वित हुए है। इन सभी उपभोक्ताओं पर सब्सिडी का 296.23 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा वहन किये जायेंगे। निर्वाण ने बताया कि इसी तरह अजमेर सिटी सर्किल के 39474, अजमेर जिला सर्किल के 53351, बांसवाड़ा सर्किल के 41391, भीलवाड़ा सर्किल के 119730, चित्तौड़गढ़ सर्किल के 53376, डूंगरपुर सर्किल के 65078, झुंझुनूं सर्किल के 115377, नागौर सर्किल के 117419, प्रतापगढ़ सर्किल के 24547, राजसमंद सर्किल के 68076, सीकर सर्किल के 148597, उदयपुर सर्किल के 140425 तथा टीपीएडीएल के करीब 52660 उपभोक्ताओं के बिजली बिल शून्य आए है।

जागरूकता रैली निकाली

अजमेर, (कासं)। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शनिवार को शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को कैंसर के प्रति जागरुक किया गया। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में संचालित शिक्षा विभाग के नेतृत्व में जागरुकता रैली व नुक्कड़ नाटक मंचन किया गया। दिशा आरटीडी सामाजिक संस्था सहित विभिन्न संगठनों ने रैली निकाल जागरुकता का संदेश दिया। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में संचालित शिक्षा विभाग के नेतृत्व में शनिवार को वर्ल्ड कैंसर डे पर कैंसर बचाव जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को कुलपति सचिवालय के बाहर से कुलपति प्रो.अनिल शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके प्रो. शुक्ला की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने कैंसर से होने वाली हानियां पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

माहेश्वरी समाज की महिलाओं का सम्मान समारोह

बिजयनगर, (निसं)। मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला मंडल के सानिध्य में और अजमेर जिला माहेश्वरी महिला मंडल के आतिथ्य व माहेश्वरी महिला मंडल बिजयनगर के तत्वावधान में प्रदेश संगठन के तृतीय सत्र की बैठक प्रतिभा एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह माहेश्वरी भवन बिजयनगर में आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की पश्चिमांचल उपाध्यक्षा ममता मोदानी ने संगठन के स्वरूप व संरचना की विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि शारदा देवी धूत ने सभी महिलाओं से समाज के प्रति समर्पित होकर आपसी समन्वय से कार्य करने का महत्व बताया। प्रमुख वक्ता राष्ट्रीय कार्यसमिति संयोजिका सुनीता रांधड ने महिला अधिकार एवं सुरक्षा के बारे मे बताया। वर्तमान समय की मुख्य समस्या महिलाओं का स्वास्थ्य एवं कैंसर जैसी भयंकर बीमारी- कारण एवं निवारण पर डॉ नंदिनी बिड़ला ने प्रकाश डाला। माहेश्वरी महिला मंडल बिजयनगर की सदस्य सुमन आगीवाल स्नेह पन्डवार सोनल पन्डवार सरिता चितलाग्या ने महेश वंदना की प्रस्तुति दी स्वागत नृत्य नविता नवाल अक्षिता गट्टानी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।माधुरी धूत ममता मोदी अर्चना जागेटिया द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शांता धूत ने सभी अतिथियों का से स्वागत किया। प्रदेश सचिव शशि लड्ढा ने सत्र में हुए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और कोषाध्यक्ष मनीषा बागला ने इस सत्र का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अजमेर जिला माहेश्वरी महिला संगठन का पद ठाहण समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें अध्यक्ष मंजू मुरक्या और सचिव पद सुमन बांगड़ ने सुशोभित किया। कौशल्या देवी शारदा देवी धूत- की तरफ से सभी प्रतिभाओं और कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। बिजयनगर अध्यक्ष संजू कोगटा ने सभी अतिथियों और बहनों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन स्थानीय सचिव अंतिमा पन्डवार ने किया।

माहेश्वरी महिला सम्मान समारोह में अतिथियों ने शिरकत की।

सार-समाचार

यातायात व सड़क दुरुस्त की मांग

अजमेर, (निसं)। अजयमेरू थोक ट्रांसपोर्ट विकास समिति के पदाधिकारियों और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने अजमेर को स्मार्ट सिटी के अनुसार यातायात व्यवस्था और सडकों को बनवाने की मांग जिला प्रशासन और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधिकारियों से की जाएगी। उपरोक्त निर्णय अजयमेरू थोक ट्रासपोर्ट विकास समिति के अध्यक्ष मोइन खान एवं महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में लिया गया। अध्यक्ष मोइन खान ने बताया कि श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ से सम्बंधित संगठन अजयमेरू थोक ट्रांस्पोर्ट विकास समिति माखुपुरा द्वारा परबतपुरा, आदर्श नगर,बाई पास, बकरा मण्डी ब्यावर रोड एवं अन्य स्थानो की सडको की दशा सुधारने, अवैध एवं अनाधिकृत रूप से चलने वाले वाहनों के विरूद्व उचित कार्यवाही करने। आगामी बजट में सडको के लिए विशेष बजट का प्रावधान करवाने का निग्रय भी लिया गया।महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि सडके खराब होने से वाहन चालक उन खडडो से बचने के लिए अपने वाहनों को घुमाते हैं इससे दुर्घटनाऐ होती है। इसलिए सडको को खराब होते ही उनको तुरन्त प्रभाव से ठीक एवं दुरूस्त करवाये जाने का प्राधान किया जाना चाहिये साथ ही समस्त मार्गो में रिफ्लेक्टरो और रोशनी का भी उचित प्रबंध किया जाना चाहिये।इस अवसर पर सर्वधर्म के व्यापारियों मोइन खान,रमेश लालवानी, सुरेश सोनी, योगेश उबाना, सरदार बलबीर सिंह, मनोज जैन, आरिफ भाई सहित अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

'सामाजिक न्याय सबके लिए' पर परिचर्चा

अजमेर, (कासं)। सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में सामाजिक न्याय सबके लिए विषय पर परिचर्चा का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश जैन ने बताया विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे रामपाल जाट मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य फादर जॉन के द्वारा रामपाल जाट प्रकाश जैन का अभिनंदन किया गया। स्कूल के छात्रों के द्वारा प्रशंसनीय सहभागिता रहे। छात्र छात्राओं के द्वारा अपने विचार रखे गए न्याय सबके लिए विषय पर बात करते हुए रामपाल जाट ने सामाजिक परिवेश में ऊंच-नीच भेदभाव छूत अछूत आर्थिक मतभेदों पर प्रकाश डालते हुए न्यायिक संबंधी जानकारी पेश की फादर जॉन कर वालों ने बच्चों से सीधे संवाद कर आने वाले भविष्य के लिए बच्चों में किस प्रकार से सामाजिक समरसता बनाते हुए सामाजिक न्याय के द्वारा शहर प्रदेश वह राष्ट्र को शुद्र बनाएं स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा विधिक प्राधिकरण के रामपाल जाट धन्यवाद दिया।

सत्यनारायण स्वामी की कथा आज

अजमेर, (कासं)। राजवीर बाजार स्थित दरबार में भक्तियाणी रेखा गोस्वामी के नेतृत्व में सत्यनारयण भगवान की कथा का आयोजन 5 फरवरी रविवार को किया जायेगा। महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि महन्त टहलगिरी गोस्वमी ने बताया हे कि सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण करने से परिवार में खुशहाली और धन धन्य की भी वृद्वि होती है।गोस्वामी ने बताया कि पूर्णिमा के अवसर पर पूनम के दिन भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण करना चाहिये और व्रत धारण करके विधि विधान से पूजन आरती करनी चाहिये। सन्त स्वामी प्रकाश उदासी ने बताया है कि राजावीर साहिब की आरती, दुर्गा माता का पूजन और अरदास कार्यक्रम का भी आयोजन भी किया जायेगा। पूज्य सिन्धी पंचायत हरि ओम कॉलोनी चन्द्रवरदाई नगर में ज्योति जेठवानी, वर्षा दुहिलानी, राधा विधानी सहित अन्य द्वारा सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण व पूजन करवाया जाएगा।

वैचारिक गोष्ठी आज

अजमेर, (कासं)। बौद्धमठ गौतम नगर में रविवार को संत रविदास की जयंती के अवसर पर उनके जीवन पर आधारित वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और गुरु सत्यनारायण गोयनका का रिकार्डेड सत्संग प्रवचनों को सुनाया जाएगा। बौद्धमठ की सचिव सोनी राहुल ने बताया कि सन्त रविदास व उनके संदेश विषय पर वैचारिक गोष्ठी के मुख्य वक्ता सर्वधर्म प्रतिनिधी एवं जन सेवा समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी होगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोनिका सिंह व नर्सिंग क्षेत्र के रविकुमार को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर महात्मा गौतम बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख केन्डिल प्रज्जवलित करके विश्व के समस्त जीवो जलएथल और नभ के जीवो की सुरक्षा और खुशहाली की प्रार्थना का प्रातः 9:30 बजे से आयोजन किया जएगा।